collegebatch.com

**Series ABDC2/4** **Set No. 2**

प्रश्न-पत्र कोड **29/4/2**

अनुक्रमांक

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

HINDI (Elective) HINDI (Elective) HINDI (Elective) HINDI (Elective)

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **9** प्रश्न हैं ।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*

# हिन्दी (ऐच्छिक)
# HINDI (Elective)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 40*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **9** प्रश्न पूछे गए हैं तथा यह दो खण्डों (क और ख) में विभाजित है ।*

*(iii)* *प्रश्नों में आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।*

collegebatch.com

## खण्ड क

## (कार्यालयी हिन्दी और रचनात्मक लेखन) 20

**1.** निम्नलिखित दिए गए शीर्षकों में से किसी ***एक*** शीर्षक का चयन कर लगभग 150 शब्दों का एक रचनात्मक लेख लिखिए : *1×5=5*

(क) मेरी प्रथम मेट्रो यात्रा

(ख) भूकंप का वह दिन

(ग) जब मैं मतदान करने गया

**2.** (क) अपना चरित्र प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) हिन्दी के दैनिक समाचार-पत्र में उप-सम्पादक के रिक्त पद के लिए अपनी योग्यताओं का विवरण देते हुए लगभग 120 शब्दों में आवेदन-पत्र लिखिए । *5*

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए : *3+2=5*

(i) (क) फ़ीचर लेखन और समाचार लेखन की शैली में क्या अंतर है ? किन्हीं तीन बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) समाचार लेखन के छह ककारों का उल्लेख करते हुए बताइए कि समाचार के मुखड़े में कौन-से ककारों को शामिल किया जाता है । *3*

(ii) (क) बीट रिपोर्टिंग और विशेषीकृत रिपोर्टिंग में क्या अंतर है ? स्पष्ट कीजिए । *2*

**अथवा**

(ख) विशेष लेखन का क्या अभिप्राय है ? विशेष लेखन, सामान्य लेखन से किस प्रकार अलग होता है ? स्पष्ट कीजिए । *2*

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में लिखिए : *3+2=5*

(i) (क) कहानी की परिभाषा लिखते हुए इसके प्रमुख तत्त्वों का उल्लेख कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) "नाटक में स्थिति और परिवेश के अनुरूप तत्सम और क्लिष्ट भाषा में लिखे गए संवादों को भी दर्शकों को समझने में कठिनाई नहीं होती ।" उदाहरण सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए । *3*

collegebatch.com

(ii) (क) कहानी लेखन में देश, काल और स्थान की भूमिका क्या होती है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । *2*

**अथवा**

(ख) "रंगमंच प्रतिरोध का सबसे सशक्त माध्यम है ।" इस कथन के पक्ष या विपक्ष में अपने विचार लिखिए । *2*

## खण्ड ख
## (पाठ्य-पुस्तक और अनुपूरक पाठ्य-पुस्तक) **20**

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) निम्नलिखित पंक्तियों में निहित काव्य सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : *3*

जननी निरखति बान धनुहियाँ ।
बार बार उर नैननि लावति प्रभुजू की ललित पनहियाँ ।।
कबहुँ प्रथम ज्यों जाइ जगावति कहि प्रिय बचन सवारे ।
"उठहु तात ! बलि मातु बदन पर, अनुज सखा सब द्वारे" ।।

(ख) निम्नलिखित काव्यांश का आशय स्पष्ट कीजिए : *3*

रकत ढरा माँसू गरा, हाड़ भए सब संख ।
धनि सारस होइ ररि मुई, आइ समेटहु पंख ।।

(ग) 'विद्यापति' द्वारा रचित पदों के आधार पर बताइए कि श्रीकृष्ण के विरह में विरहिणी नायिका की कैसी दशा है । अपने शब्दों में लिखिए । *3*

**6.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** प्रश्न का उत्तर लगभग 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *1×2=2*

(क) 'भरत-राम का प्रेम' प्रसंग के आधार पर राम की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *2*

(ख) 'बारहमासा' कविता के आधार पर लिखिए कि रानी नागमती, भौंरे और कौए के माध्यम से राजा रत्नसेन को क्या संदेश भेजती है । *2*

collegebatch.com

**7.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) स्वातंत्र्योत्तर भारत की सबसे बड़ी दुखद घटना (ट्रैजडी) निर्मल वर्मा ने किसे कहा है और क्यों ? 'जहाँ कोई वापसी नहीं' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए । *3*

(ख) 'चार हाथ' लघु कथा का उद्देश्य लिखिए । *3*

(ग) 'गोधूलि की वेला' में हर की पौड़ी पर भक्तों द्वारा गंगा में स्नान का दृश्य कैसा था ? 'दूसरा देवदास' पाठ के आधार पर लिखिए । *3*

**8.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** प्रश्न का उत्तर लगभग 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *1×2=2*

(क) 'दूसरा देवदास' पाठ के आधार पर गंगा तट पर आरती के बाद के दृश्य का वर्णन कीजिए । *2*

(ख) सिंगरौली की ऐतिहासिकता के बारे में आप क्या जानते हैं ? 'जहाँ कोई वापसी नहीं' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए । *2*

**9.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 – 40 शब्दों में दीजिए : *2×2=4*

(क) 'बिस्कोहर की माटी' पाठ के आधार पर लिखिए कि दिलशाद गार्डन के डियर पार्क में बत्तखों के किस व्यवहार ने लेखक को आकर्षित किया और क्यों ? *2*

(ख) गर्मी में लू लगने पर किस तरह से उसका घरेलू इलाज किया जाता था ? 'बिस्कोहर की माटी' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए । *2*

(ग) "ये सदानीरा नदियाँ अब मालवा के गालों के आँसू भी नहीं बहा सकतीं ।" 'अपना मालवा-खाऊ-उजाड़ू सभ्यता में' पाठ से उद्धृत इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए । *2*